Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

अनमोल वचन

सूक्ति संग्रह

Anmol Vachan

Dr. Nirmal Aima

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

शुभकामना सहित
सादर भेंट

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

ANMOL VACHAN
(Hand Book of Quotations)

मूल्य : एक सौ साठ रुपये

प्रथम संस्करण : नवम्बर, 2005

आवरण पृष्ठ : साभार – ओशो वर्ल्ड

प्रकाशक : क्षीरभवानी प्रकाश
सैक्टर 2/122, विकास नगर
पोस्ट आफिस सुभाष नगर
जम्मू – 180005
फोन : 0191 – 2535142

मुद्रक : जोगी प्रिंर्टज़
जोशी गली चौक,
मण्डी, गुरदासपुर ।
फोन : 01874 – 394477
मोबाईल : 98147 – 31504

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh Funding by IKS MoE 2025 Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

Published by :
KHEERBHAWANI PUBLICATION
2/122, Vikas Nagar,
P.O. Subhash Nagar,
Jammu. Pin - 180005
Phone : 0191-2535142
Mobile : 98150-69232

© Dr. Nirmal Aima

Printed by :
JOGI PRINTERS
Joshi Gali Chowk,
Mandi, Gurdaspur
Ph. : 01874-394477

Typesetting by :
VINOD KUMAR
M. : 93162-96693

CC-0. Jammu ... Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

समर्पित

जिन्हें गुरुजनों प्रति श्रद्धा
आप्त वचनों पर है आस्था
मानवता से जिनका वास्ता
सच्चाई का पथ ही रास्ता

निर्मल

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

आत्म निवेदन

एक बूँद स्याही बनती रोशनाई
विचार प्रभु की सौगात न्यारी

विचार सूक्ष्म स्तर का कर्म है तथा हर कार्य का मूल रूप विचार ही है । मानव जीवन ईश्वर का श्रेष्ठत्तम उपहार है, जो विशिष्ट क्षमताओं को लेकर जन्म लेता है । इन क्षमताओं को मौलिकता में अद्धितीय स्थान देना ही जीवन की सार्थक सफलता है तथा इनकी अभिव्यक्ति में जीवन की पूर्णता । इससे न केवल उसका मन शाँत एवं तृप्त होता अपितु परिवेश, समाज एवं समुदाय भी धन्य होता ।

उचित व्यक्तित्व के निर्माण में संजीवनी का कार्य करने वाली यह सूक्तियाँ मानव अन्तराल में प्रकाशपुंज की ऐसी रश्मियाँ प्रदीप्त करती है; जिससे मन एवं मस्तिष्क एक साथ आलोकित होते हैं । स्वस्थ दृष्टिकोण ही अन्तर्तम की पीड़ा को दूर करने में सक्षम तथा सद्-वृत्तियों को पथ-प्रदर्शित कर सकता है । इन विशेष गुणों के कारण ही विद्यालयों एवं मीडिया के विविध माध्यमों द्वारा प्रतिदिन किसी न किसी रूप में इनका प्रयोग शिक्षा हेतु किया जाता है ।

भविष्य की आधार शिला छात्र जीवन में यदि संस्कारों के उचित बीज रोपे जाएं तो जीवन के उपवन में उपलब्धियों के अनेक सुसुगंधित सुमन विकसित होंगे, जिन्हें चुनते समय उपयुक्त दिशा निर्देशकों के अभाव में भी उनके विचार पथ-प्रदर्शक बनकर हमें उचित राह दिखाते हैं ।

युग ऋषियों, वेदमूर्तियों, महानुभावों, परमपूज्य गुरुदेवों, प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के धनी मनीषियों एवं लब्ध आचार्यों के आप्त वचनों का जहाँ मैंने सम्पादन किया है, वहाँ साहित्य की किसी विधा से या जीवन की किसी घटना के अनुभूत सत्य को भी अभिव्यक्ति दी है । सूक्तियों के रचनाकारों के नाम न देने के कारण क्षमाप्रार्थी हूँ । वास्तव में **'किसने कहा'** से अधिक **'क्या कहा'** अधिक विचारणीय है । रोशनी पूर्व या

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu
पश्चिम किसी भी दिशा से आये **प्रकाश तो प्रकाश** है । मुख्य है हमने क्या प्राप्त किया । **सत्य** का पर्याय तो **सत्य** ही है, जो जाति, देश व काल से परे है ।

शिक्षा कहीं से भी ग्रहण करके बहुमुखी भौतिक विकास के लिए उत्तरदायी है परन्तु विद्या की रोशनी मानव के अन्त:क्षेत्र को परिशोधित एवं परिष्कृत करके सुसंस्कारी, श्रेष्ठ, शालीन एवं सद्विचारों से सम्पन्न कराके मानवता का पाठ पढ़ाती है । स्थाई मनोभावों प्रेम, स्नेह, दया, करुणा, परोपकार, वीरता आदि के साथ-साथ आत्मविश्वास, आत्मबल एवं आत्मनिर्भरता की चिनगारी भी प्रस्फुटित करती है । जिसका केन्द्र बिन्दु है **'विचार'** । विचार-प्रवाह को सुनियोजित करके लक्ष्य की प्राप्ति सुगम हो सकती है; अभिव्यक्ति का माध्यम् एवं शैली चाहे कोई भी हो ।

अंग्रेजी भाषा में अधिक सूक्तियाँ इसलिए छापी हैं ताकि छात्र चिन्तन, मनन एवं अनुवाद करने में प्रवीणता प्राप्त कर सकें । हिन्दी भाषा हमारी अपनी भाषा है अत: इसमें हम विचारों की अभिव्यक्ति सरलता से कर सकते हैं ।

कनिष्ठवर्ग के छात्रों में आत्मनिर्भरता का गुण पनपने हेतु छोटी-छोटी सूक्तियाँ एवं शब्दार्थ दिए गए हैं ।

छात्रों के आग्रह पर वन्दना, हाइकु संग्रह, 'धरा के लिए', रचयिता डॉ० निर्मल ऐमा प्रकाशन क्षीरभवानी में से ली गई है ।

विचारक पाठकों से मेरी सादर अनुनय है कि अपने विचार सूचित करने की कृपा करें । संशोधन हेतु आपके परामर्श का उदार भाव से स्वागत है ।

छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के हेतु मंगल कामनाओं के साथ.........

विनीत

निर्मल

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

माँ शारदे माँ शारदे,
विनती करें कर जोड़ के ।

विद्यावती वाग्गेश्वरी,
मिटा अज्ञान अहं नाशिनी ।
तम दूर कर आलेक दे,
विनती करें कर जोड़ के ।।

कमलासन हो ब्रह्माणी,
आये शरण हे भवानी ।
कण कण में माँ उजास दे,
विनती करें कर जोड़ के ।।

मोक्षदानियनी हो सरस्वती,
परिपूर्ण माँ संतोषी ।
जग को प्रज्ञा से नहला दे,
विनती करें कर जोड़ के ।।

करुणानिधि हो वीणावादिनी,
सुधा छलकाती रागिनी ।
हो शाँत प्यासे प्राण मेरे,
विनती करें कर जोड़ के ।।

हंसारुढ़ वीणाधारिणी,
विवेक जगा दो कल्याणी ।
उज्ज्वल आँचल फैला दे,
विनती करें कर जोड़ के ।।

सप्त सुरों से गरिमामयी,
विश्व पुकारे ममतामयी ।
सत् - चित् आनंद का वर दे,
विनती करें कर जोड़ के ।।

माँ शारदे माँ शारदे,
विनती करें कर जोड़ के ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

अनमोल वचन

"सूक्तियों में नीति के वचन थोड़े शब्दों में गागर में सागर की भाँति बड़ी सुन्दरता से व्यक्त होते हैं । इनमें उपदेश देने की छटा निराली होती है । ये भावों को सजा-संवार कर सजीव बनाने एवं वक्तव्य कला को चमकाने में बड़ी सहायक होती हैं ।"

डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

1. बूँद स्याही बनती रोशनाई
विचार है प्रभु की सौगात न्यारी

2. स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है ।

3. खामोशी हमारे पवित्र विचारों का मंदिर है ।

4. समस्याओं से भागने का अर्थ समस्याओं से छोटा रह जाना या कायर बनना । समस्या रूपी पत्थर को हम सोपान बनाकर ऊँचाई प्राप्त कर सकते है ।

5. भविष्य का अतीत के साथ गहरा सम्बन्ध है, जिसका आधार वर्तमान है ।

6. अधिकार की अपनी एक मर्यादा होती है । उस मर्यादा की रक्षा हेतु अधिकार प्रयोग को संयत रखना आवश्यक है ।

7. किसी भी वस्तु में अति उचित नहीं । अति से जो प्रतिक्रिया पैदा होती है उसका रुख विपरीत दिशा की ओर होता है । चाहे वह मौसम हो, शासन हो या ज्ञान ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

8. जन्म से अंधा देख नहीं सकता, काम से अंधे को सूझता नहीं । मदोन्मत्त किसी को मानता नहीं पर स्वार्थी दोषों को भी नहीं देख सकता ।

9. आलसी को सदा असन्तोष रहता है ।

10. जिस मानव की जितनी कम आवश्यकता होती है उतना ही वह ईश्वर के समीप होता है ।

11. बुद्धि, बल, शक्ति, क्षमता का महाशत्रु आवेश है ।

12. जिसकी आत्मा में बल नहीं, स्वाभिमान नहीं, वह चाहें कुछ भी हों, पर आदमी नहीं है ।

13. नदी, हवा, वृक्ष प्रकृति के दूत बनकर मानव को जीवन का ध्येय समझाते हैं । नदी दूसरों की प्यास मिटाती, हवा दूसरों को जीवन देती, वृक्ष अपने को समर्पित करके मानव को जीवन-मोल की ओर इंगित करते हैं ।

14. अज्ञान के समान दूसरा बैरी कोई नहीं है । इसको ज्ञान ही मिटा सकता है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

15. सत्य की उचित जिज्ञासा करते हुए, उसका श्रद्धापूर्वक सही समाधान खोजने की चेष्टा ही उपासना है; जो सही पूर्णता का आधार है ।

16. अत्याचार क्रूरता एवं दुर्बलताओं से पनपते हैं ।

17. वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अलावा कोई नियम नहीं जानता ।

18. दूसरों की मदद किए बिना, हम अपनी मदद नहीं कर सकते; दूसरों को फायदा पहुँचाये बिना, हम अपने को फायदा नहीं पहुँचा सकते तथा दूसरों को खुशहाली दिलाए बिना, हम खुद खुशहाल नहीं हो सकते ।

19. मानव जीवन एक उद्देश्य है, उस उद्देश्य को खोजना और पाना ही वास्तव में जीवन है ।

20. सूर्य केवल परछाइयाँ नहीं बनाता अपितु उजास और ऊर्जा भी देता है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

21. ईर्ष्या जिन्दगी के आइने में दरार डालती है ।

22. गुठलियों के डर से कोई आम खाना नहीं छोड़ता ।

23. उचित विषय से उचित विचार को बढ़ावा मिलता है तथा आदमी मानव बनता है ।

24. अश्लीलता जहाँ समाज को बर्बाद करती है वहाँ राष्ट्र को डुबो देती है ।

25. क्रोधित व्यक्ति में स्व-अनुशासन की कमी होती है ।

26. हर कार्य आसान होने से पूर्व कठिन होता है । इसकी कठिनता साहस हर लेता है ।

27. शाँत समुद्र में नाविक कभी कुशल नहीं बन पाता ।

28. असफलता सफलता का मार्ग इंगित करती है तथा दृढ़ संकल्प ही, साहस और धैर्य का प्रशस्त पग प्रेरित करता है ।

29. जिसकी कथनी और करनी में हो अन्तर,
सफलता हो जाती वहाँ से छू-मन्तर ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

30. कर्त्तव्य जब कामना बन जाए तो संतोष और सुख के आनन्द का अनुभव हो जाता है ।

31. आपसी द्वेष भाईचारा खा जाती,
तृष्णा मानवता निगल जाती ।

32. जीत रूपी सिक्के के दो पहलू यदि उदारता और संयमता है तो सिक्का खरा है, नहीं तो खोटा ।

33. ईमानदारी यदि फूलती नहीं फलती अवश्य है ।

34. सफलता और समझदारी मिलती तो परिश्रम से है परन्तु सफल जीवन की नींव भी यही है ।

35. कठिनाइयों को झेलने वाला ही मरने से स्वतन्त्र है ।

36. संसार में कुछ भी मुफ्त में नहीं मिलता, समय का मोल तो चुकाना ही पड़ता है, यह आप की इच्छा है कि आप क्या खरीदना चाहें ?

37. दूसरों की गलतियों से सीखने वाला ही वास्तव में विवेकी है ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

38. नम्रता सबके साथ रखें मगर नज़दीकी बहुत कम के साथ तथा उन पर भी भरोसा करने से पहले उन्हें अच्छी तरह परख लें ।

39. दुनिया हमें वैसी नहीं दिखती जैसी वह है अपितु वैसी दिखती है जैसे हम हैं ।

40. अहंकार ईर्ष्या और असंतुष्टि देता है जबकि गर्व आनंद व संतुष्टि ।

41. ज़िम्मेवारियाँ उस व्यक्ति की ओर खिंची चली जाती हैं; जो उन्हें कंधे पर उठा सकता है ।

42. महानता की कीमत जिम्मेदारी है ।

43. 'क्या ठीक है' ? यह विचारनीय है न कि 'कौन ठीक है'?

44. एक बार धोखा खाना इत्तिफाक हो सकता है, दूसरी बार धोखा खाना बेवकूफी है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

45. सहानुभूति दर्शाने से सहानुभूति का होना अच्छा है ।

46. मानव के व्यवहारों में ज्वार-भाटा का सा उतार-चढ़ाव होता है; यदि उसका व्यवहार सम हो जाए तो वह गरिमामय सागर सम बन जाए ।

47. भक्त का हृदय प्रभु की बैठक है ।

48. कामना का त्याग ही उत्तम तप है ।

49. कर्म फल है, शब्द पत्तियाँ ।

50. आलस्य आशा को छीनता है । इसमें शाश्वत निराशा का वास है ।

51. आहार की शुद्धि से अन्तःकरण की शुद्धि सम्भव है ।

52. विवेक का आधार, इन्द्रियों पर अधिकार होने पर निर्भर है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

53. सुख-दुख जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिये,
जो बिन श्रम के कुछ भी न चले ।

54. ज़माने में उसने बड़ी बात कर दी
जिसने अपने आप से मुलाकात कर ली ।

55. शाश्वत केवल प्रभु है और कुछ नहीं ।

56. विचारों की स्वतन्त्रता, धार्मिक स्वतन्त्रता, अभावों से स्वतन्त्रता तथा भय से स्वतन्त्रता को वह व्यक्ति प्राप्त कर सकता है; जिसकी आत्मा पर कोई बोझ न हो ।

57. धर्म व शिष्टाचार के अनुकूल चलना सदाचार है परन्तु रूढ़िवादी बनकर देश व समाज की प्रगति में बाधक बनना असदाचार है ।

58. कानों की शोभा शास्त्र श्रवण तथा सत्य वचन से है न कि आभूषणों से ।

59. प्रयास के बिना योजना नहीं, श्रम के बिना प्रगति नहीं ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

60. आलस्य एक प्रकार की हिंसा है । विपत्ति में साहस ही परम् मित्र है ।

61. यदि भय नहीं होगा तो घृणा भी नहीं होगी ।

62. अपनी अज्ञानता का आभास ही बुद्धिमता का प्रथम सोपान है ।

63. बिना उत्साह के महान ध्येय की प्राप्ति नहीं होती ।

64. आनन्द रूपी पुष्प तो मुरझाता है पर याद शाश्वत सुगंध है ।

65. डरना और डराना दोनों पाप है ।

66. देशद्रोही सबसे बड़ा पापी है; तथा मानवता का हिंसक सबसे बड़ा अपराधी ।

67. धैर्य सन्तोष की कुंजी है ।

68. अन्धीश्रद्धा अज्ञान है । ज्ञान वही है जो मुसीबत में काम आए ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

69. अपने अवगुण अपने को ही दुःख देते हैं ।

70. मानव अहं से बहुत प्रेम करता है; इसलिए वह अपने दोष देखना पसन्द नहीं करता । जिस क्षण अहं से उसका मोह टूट जाएगा, वह चेतना के द्वार पर खड़ा होगा ।

71. सुन्दर रूप, चाहे सुन्दर मूर्ति या सुन्दर चित्र की अपेक्षा उच्चकोटि का हर्ष प्रदान करता है; परन्तु सुन्दर आचरण सभी कलाओं में श्रेष्ठ कला है ।

72. आत्मा को जानना है, प्रभु की शरण में जाना ।

73. संसार में न कोई मित्र है न कोई शत्रु, वास्तव में यह तो मन का अस्थाई निर्णय है ।

74. सीमित इच्छाएं सर्वोच्च परिणाम पर ले जाती हैं ।

75. सर्वोत्तम मार्गदर्शक अपनी अन्तरात्मा है ।

76. सफलता की आत्मा 'नियमबद्धता' है ।

77. अपना सबको मानो, विश्वास कुछ पर करो, बुरा किसी को न कहो ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

78. कामना का त्याग ही उत्तम तप है ।

79. अभिमान अज्ञानता का बीज है ।

80. निर्मल अंत:करण की वाणी आत्मा की आवाज़ है; जो सत्य प्राप्ति का साधन है ।

81. दीपक सम अंत:करण वास्तविकता एवं दिव्यदृष्टि, दोनों को प्रकाशित करता है ।

82. अपने दोष ढूंढ निकालना ज्ञान वीरों का काम है ।

83. जैसे शीशे के स्वच्छ एवं स्थिर रहने पर ही रूप प्रतिबिम्बित होता; इसी प्रकार शुद्ध मन में ही प्रभु का स्वरूप दिखाई देता है ।

84. शुद्ध अन्त:करण प्रभु के अमृत पात्र की रक्षा करने का आगार तथा उसकी उपस्थिति का प्रमाण है ।

85. अंधकार व अज्ञानता प्रकाश की ओर चलता है जबकि तृष्णा एवं स्वार्थ का अंधापन विनाश की ओर ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

86. अकृतज्ञता मानवता का हलाहल है ।

87. प्रकृति अपनी प्रगति और विकास के प्रति प्रतिबद्ध है इसलिए अपना अभिशाप हरेक अकर्मण्यता पर थोपती है ।

88. सूर्य एवं चांद अकेले होकर भी अपनी किरणों से समस्त संसार को प्रकाशमान करते हैं, जबकि अकेला मानव ही स्वशक्ति पर भरोसा करता है ।

89. अपनी ही अज्ञानता के संबंध के अज्ञात होने के समान और कोई अज्ञान नहीं ।

90. अज्ञानता अहंकार का जन्मदाता तथा संतापों का मूल है ।

91. अज्ञानी, साधक होकर भी अपने विकारों को विजित नहीं कर सकता, जिस प्रकार वीर होने पर भी एक अंधा शत्रु सेना को पराजित नहीं कर सकता ।

92. अज्ञान की अवस्था में सर्वस्थ खो जाने पर भी वेदना सोई रहती है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

93. कुत्सित वचन 'अवचन', कुत्सित शील 'अशील' तथा मिथ्यादृष्टि का ज्ञान कुत्सित होने के कारण अज्ञान कहलाता है ।

94. जड़ विषयों में रुचि, सुख तथा आत्मस्वरूपता की प्रसिद्धि ही अज्ञान है ।

95. अज्ञान मन की वह शिक्षा है जिसमें न तो चन्द्र है न नक्षत्र ।

96. अज्ञानी होना मनुष्य का असाधारण अधिकार नहीं परन्तु अपने को अज्ञानी जानना ही उसका विशेष अधिकार है ।

97. अज्ञान, डर एवं हठधर्म की माता है ।

98. अपनी विद्वता पर गर्व करना सबसे बड़ा अज्ञान है ।

99. स्नेह, ज्ञान, सुन्दरता कभी अति से नहीं अपितु गुण पूर्णतया के शुद्ध अर्थ से समझे जाते हैं ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

100. अति सौन्दर्य के कारण सीता चुराई गई, अति गर्व के कारण हठी रावण मारा गया, अति दान के कारण राजा बलि को पाताल लोक जाना पड़ा; अतः अति के अहं से दूर रहना ही अच्छा है ।

101. अग्नि स्वर्ण को परखती है, आपत्ति वीर को, इनको पराजित करना ही जीवन के आनंद की पराकाष्ठा है ।

102. आवरण ढकता है; रूप व कुरूपता ।

103. एक आपत्ति अनेक आपत्तियों की जननी होती है ।

104. मधुर वाणी मानव का ऐसा आभूषण है जो बिना घिसे पल-पल मानव के रूप में वृद्धि करता है ।

105. धर्म की कमाई में शक्ति एवं शाँति होती है ।

106. कुबेर भी यदि आय से अधिक व्यय करे तो निर्धन हो जाए

107. ऐश्वर्य का गुण भूषण सजाना, शूरता का वाणी पर संयम, ज्ञान का शांति, कुल का विनय, धन के लिए सुपात्रता, तपस्वी का अक्रोध, शक्तिशाली का क्षमा, धर्म का निच्छलता; इन सब गुणों का आभूषण है.................सुशीलता ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

108. साहस में प्रतिभा और शक्ति में जादू है । निष्ठा लग्न से कार्य में जुट जाने से मन में वेग आ जाता है और कार्य निपट जाता है ।

109. आलस्य, दरिद्रता और दु:खों की कुंजी है । इसका रोगी कभी नहीं संभलता ।

110. असंतोषी होना अपने ऊपर अविश्वास का फल है । जो निर्बल इच्छा का रूप है ।

111. धारणा को भ्राँति में परिवर्तित करने वाला संदेह है; जो विश्वास और अविश्वास के मिलन बिन्दु पर उपजता है । यदि इन दोनों का स्थान निश्चित किया जाए तो सन्देह उत्पन्न नहीं होता ।

112. जहाँ हमें अपने विचार, व्यवहार को पल-पल परखना चाहिए वहीं हम औरों के प्रति सजग होते हैं । वास्तव में संदेहास्पद मन हमें भीतर झाँकने का अवसर नहीं देता ।

113. अवसर का चेहरा घूँघट में छिपा और इसमें पाँव के बदले पंख होते हैं, जिसका अर्थ है यह रुकता नहीं तथा किस रूप में आएगा दिखता नहीं ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

114. वाणी शक्ति है इसका कुशल उपयोग करने वाला शक्तिशाली हैं ।

115. परमात्मा का प्रवेश द्वार अति निकट है, केवल चक्षु से परदे हटाने की देर है ।

116. संकल्प, विकल्पों के पार होता है; इसका अर्थ है बस यह और कुछ भी नहीं ।

117. बुरे कर्म हमें अपराध बोध से भर देते हैं, जिससे अचेतन में गाँठ बन जाती है तथा स्वाभिमान साँस नहीं ले पाता ।

118. बल्ब पर धूल की परतें जमने लगें तो रोशनी धुँधली हो जाती है; अतएव विद्यार्थी पर यदि आलस्य व कुतर्कों का आवरण चढ़ेगा तो निखरेगा कैसे ?

119. सत्य तर्क और विकल्प से परे है, जहाँ हमें इसका आभास हो वही इसका प्रारम्भ बिन्दु है ।

120. आनंद एवं विकास का स्रोत हमारे भीतर है, जिसे पाने का श्रम हमें स्वयं करना है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

121. संदेह यदि सोच में नहीं सोद्देश्य क्रिया में आ जाए तो यह अभिशाप नहीं वरदान बन सकता है ।

122. प्रबल अंतःकरण, अनुशासित मन एवं सुव्यवस्थित विवेकशील पग जिस पथ पर चल रहें हो; वह पथ सत्य का ही है ।

123. असफलता अन्यमनसकता का दुष्परिणाम है । जो एकाग्रता तथा मनोयोग पूर्वक गंभीर चिन्तन के अभ्यास से दूर हो सकता है ।

124. अपने कार्यक्षेत्र की छोटी – छोटी कमियों पर ध्यान देने का अर्थ है -- सफलता में एक-एक तन्तु जोडना ।

125. अनुभवों का गंभीरता पूर्वक संचय करने का अर्थ है अपनी प्रतिभा को प्रखर करना ।

126. आलोक दिव्य एवं पावन होता है, इससे पथ प्रदर्शित होता है, यह सम्भव तभी है जब चक्षु खुली हो ।

127. जीव – आत्मा शरीर से अभिव्यक्ति पाती है और व्यक्तित्व चरित्र से । चरित्र व्यक्ति के गुणों का समुच्चय है, जो व्यक्तित्व का निर्माण करता है ।

Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

128. गुणों के कोमल, महीन एवं अति संवेदनशील रेशों से व्यक्तित्व की बनावट होती है । जिसके मूल में संस्कार होते हैं ।

129. निर्माण की प्रक्रिया लम्बी एवं दुष्कर होती है, जिसके संयम एवं धैर्य दो हाथ हैं ।

130. सेवा और सज्जनता साधना रूपी शक्ति के अंग हैं ।

131. निजी लाभ से चाहे सम्पति कमाई जाए या यश; उस की चर्चा भर हो सकती है, अभ्यर्थना नहीं ।

132. संसार–सागर से पार होकर अमृत्व तक पहुँचने का सही एक सेतु आत्मा है।

133. सूर्य का प्रकाश भिन्न -भिन्न घरों में जा कर भी समान रहता है, उसी प्रकार ईश्वर की महान आत्मा पृथक–पृथक जीवों में प्रविष्ट होकर विभिन्न नहीं होती ।

134. आत्मा को आत्मा की ही आवाज़ जगा सकती है ।

135. आत्मा पर विजय पाने का अर्थ है; कामना एवं कुवृत्तियों को रोकना ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

136. आत्मा की कीमत देकर यदि स्वर्ग भी प्राप्त हो जाए तो वह नरक से अधम और धूल से नगण्य है ।

137. आत्मीयता मिलाती है, जबकि अहंता दूर करती है ।

138. आदत रस्सी के समान है । जिसमें यदि प्रतिदिन हम एक-एक बल भी देते हैं तो अन्त में इसे तोड़ नहीं सकते । अभ्यास से इसमें परिपक्वता आती है ।

139. नीम, गुड़ के साथ खाने पर भी कड़वाहट नहीं छोडती । अत: नीम को अलग रखने में ही समझदारी है; इसी प्रकार बुरा व्यक्ति सज्जनों के साथ रह कर भी अपनी आदत से बाज नहीं आता ।

140. सृष्टि के सभी सौन्दर्यों की अग्रणी आत्मा है ।

141. जो अपनी आत्मा का भला नहीं कर सकता; वह किसी का भी भला नहीं कर सकता, तथा उसका भला देवता भी नहीं कर सकते ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

142. कार्य करके यदि हमें धन और लोगों की मान्यता मिले तो समझों मजदूरी पूरी नहीं मिली, बहुत सस्ते में हमारा श्रम गया, पूरी मजदूरी का मिलना तब माना जाए जब उससे अपने आप में सुधार हो ।

143. जो आप से असहमत है ।
क्या आप उनको सहन कर पाते ?
जो आप को पसन्द नहीं करते ।
क्या आप उनके प्रति सद्भाव रखते है ?
जहाँ आप को बुराई ही बुराई दिखती है ।
क्या आप वहाँ अच्छाई खोज पाते ?
यदि आप का उत्तर हाँ है तो आप प्रभु का कहना मान रहे हो ।

144. वाणी सभी व्यवहारों की जड़ है, यदि इसमें स्वच्छता और स्वस्थ्ता आ जाए तो वातावरण सुगन्धित हो जाए ।

145. कोई आदमी न आलसी होता, न कमजोर, वास्तव में मिले हुए कार्य में उसकी रुचि नहीं होती ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

146. शिक्षा के परिणामों को जीवन में उतारने के लिए बोलना और सुनना उतना ही जरूरी है जितना चित्र बनाने के लिए 'कैनवास' और 'ब्रश' ।

147. युग-निर्माण एवं क्राँतिकारी घटनाएँ दोनों ही वाणी का उपहार है।

148. आत्मा दृष्य नहीं श्रव्य है। इसकी अवाज सुनने का सामर्थ्य होना चाहिए ।

149. भय के कारण भीड़ मे खो जाने से अच्छी खुद की संगति है, जो वास्तविक सम्पत्ति है ।

150. शिक्षित वह है जो बीते कल के काम से आज का कार्य अच्छा बनाए तथा आने वाले कल के काम को उत्तम बनाने की योजना बनाए ।

151. संयम की जननी भय है ।

152. वाणी में समझ प्रभुता से आती है ।
प्रभुता समझ से ।
समझ मानसिकता और कौशल से ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

153. सही सुनना, सही बोलना
सही बोलना, सही समझना
सही समझना, सही सोचना
सही सोचना, सही करना
सही करना, मानव बनना
मानव बनना, जीवन जीना
इस प्रकार सफल जीवन जीने का आधार जहां सही सुनना है वहाँ सही सुनने हेतु **ध्यान** सर्वोपारि है ।

154. वह सबसे बड़ा दीन-दुर्बल है, जिसको अपने ऊपर नियंत्रण नहीं ।

155. सभ्यता का स्वरूप सादगी है ।

156. हर व्यक्ति संसार में महत्त्वपूर्ण व्यक्ति है । अत: दूसरों के साथ वह व्यवहार न करें, जो हमें स्वयं के लिए पसन्द नहीं ।

157. जीवन का अर्थ वास्तव में समय है । जो जीवन से प्यार करते हैं, वे आलस्य में समय नहीं गँवाते ।

158. आलस्य से बढ़कर अधिक घातक और अधिक समीपवर्ती शत्रु दूसरा नहीं ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

159. सज्जन अमीरी में गरीब जैसे विनम्र और गरीबी में अमीर जैसे उद्धार रहते हैं ।

160. मनुष्य परिस्थितियों का दास नहीं, वह उनका निर्माता, नियंत्रणकर्ता तथा स्वामी है ।

161. मनुष्य का जन्म तो सहज होता है पर मनुष्यता कठिन परिश्रम से प्राप्त होती है ।

162. प्रसन्न रहने के दो ही उपाय हैं – अवश्यकताएँ कम हों और परिस्थितियों से हम तालमेल बिठाएँ ।

163. सार्थक और प्रभावशाली उपदेश वह है जो वाणी से नहीं ,आचरण से प्रस्तुत किया जाए ।

164. असफलता केवल यह सिद्ध करती है कि सफलता का प्रयत्न पूरे मन से नहीं हुआ है ।

165. पीड़ा तन्हा तथा आनन्द जुड़वा उत्पन्न हुआ है इसलिए किसी दूसरे को अपना सुख दिखाए बिना हृदय गर्व का अनुभव नहीं कर सकता ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

166. आनन्द स्वभावत:मुक्त है । इसका न ही ज़ोर चलता न ही हिसाब । इसकी पूर्ति सौन्दर्य से दृष्टिगत होती है ।

167. फूलों की दोस्ती से काँटों की दोस्ती अच्छी है । जो हमें कठिन रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है ।

168. जो खुशी कल दुख देने वाली हो, उसे आज ही त्याग देना अच्छा है ।

169. जिस व्यक्ति ने कल्पना के महल नहीं बनाए, उसे वास्तविक महल की उपलब्धि कभी नहीं हो सकती ।

170. आत्मा के लिए प्रार्थना उतनी ही अनिवार्य है, जितना शरीर के लिए भोजन । यह मानवीय प्रयत्नों में ईश्वरत्व का सुन्दर समन्वय है ।

171. प्रार्थना आत्मा की आध्यात्मिक भूख, आत्मशुद्धि का आवाह्न तथा आत्मविकास का पहला पायदान है । इससे आत्मसत्ता में परमात्मा का सूक्ष्म दिव्य तत्त्व झलकने लगता है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

172. जीवन में कोई किसी से इतना धोखा नहीं खाता जितना कि वह अपने आप से खाता है ।

173. मजबूर की मजबूरी में सहायता करना ईश्वर की अर्चना है ।

174. धर्म का आचरण करने वाले शान्ति के निकट होते हैं ।

175. सच्चा अधिकार सेवा व त्याग से ही मिलते हैं । इससे न केवल सौभाग्य प्राप्त होता है अपितु इससे आत्मा भी पवित्र होती है ।

176. आत्मज्ञान मन को आनंद देने में सक्षम है ।

177. व्यवहार कुशलता ही सफलता की कुंजी है ।

178. वाणी पर संयम रखने का अर्थ है; आत्मा को संतापों से बचाना ।

179. मन को हर्षित एवं उल्लासमय रखने का अर्थ है; परेशानियों को पीछे धकेलना ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

180. संसार रूपी वाटिका में फूल ही फूल हैं, हमारा भ्रम ही एक काँटा है ।

181. मानव का दानव होना उसकी हार है, महामानव होना उसका चमत्कार, मानव होना ही उसकी जीत है ।

182. भूख की आग ऊँचे से ऊँचे और कोमल से कोमल हृदय के व्यक्तियों को भी नीच कार्य करने पर भी विवश कर देती है ।

183. मौन अज्ञानता नहीं शक्ति का हथियार है ।

184. पर-निन्दा, आत्म-उत्थान का द्‌वार बंद करती है ।

185. उद्यम से अपना मानव का कोई मित्र नहीं है ।

186. परिश्रम सफलता की कुंजी है और आलस्य असफलता का द्‌वार ।

187. सुख की अभिलाषा ही हमारे दुःख का एक अंश है ।

188. आश्चर्य एवं आवेश महान संकल्पों के जन्मदाता हैं ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

189. वैभव तन की कुरूपता ढक सकता परन्तु मन की नहीं ।

190. आवश्यकता तर्क के सम्मुख नहीं झुकती । यह जहाँ अविष्कार की जननी है, वहाँ प्रतिभा को भी प्रोत्साहित करती है ।

191. आदर्शवादी के लिए आनंद स्वप्न बन जाता है ।

192. विचार या भाव ही मानव को उत्तेजित करते हैं, जो कार्य करने के लिए ऊर्जा का काम करते हैं ।

193. ऊँचे आदर्श जो उड़ान से प्राप्त किये जाते हैं, वह संसार रूपी मार्ग के पथ-प्रदर्शक होते हैं, जिनका निर्वाह एक संयासी ही कर सकता है ।

194. सुन्दरता आनंद प्रदान करती और आनंद सत्य का आभास ।

195. सुख आनंद नहीं देता जबकि दुःख आनंद का द्वार खोल सकता है ।

196. पीड़ा को हम स्वयं भी सम्भाल सकते हैं किन्तु आनंद का भार बाँटनें के लिए साथी की आवश्यकता पड़ती है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

197. माँगने का अर्थ सदा लेना नहीं है; कभी हम कुछ देकर भी अपने लिए खुशी माँगते हैं ।

198. आदर्श के पथ पर चलने वाला अपने 'स्व' रूपी रथ को और मजबूत बनाता है । आस्था और श्रद्धा उसके दो पहियें बन जाते हैं ।

199. प्राय: तीन साल की आयु में संकल्प शासन करता है । तेरह की आयु में बुद्धि और तीस में विवेक ।

200. एक झूठ अनेक झूठों को जन्म देता है तथा एक विपत्ति अनेक विपत्तियों को । इसलिए आपत्तियों को पराजित करना ही समय का सदुपयोग करना है ।

201. हल्की आँच भी शीतल पानी में उबाल लाता है, अत: थोड़ा क्रोध भी अशान्ति को न्योता देता है ।

202. सुख एवं आनंद ऐसे इत्र हैं, जिन को बाहर छिड़कने से भीतर महक उठता है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

203. आनन्द गणित नहीं कला है, जो सात रंगो को मिला कर भी एक रंग बनाती है ।

204. धैर्य कल्पना को भी साकार कर सकता है; साहस में वह जादू है ।

205. कोई भी कार्य आरम्भ करना जितना संघर्षमय है; उतना उस कार्य को अंजाम देना नहीं ।

206. दूसरों के दोषों को निकालने का तात्पर्य है; अपने ही समय एवं उत्थान का **'स्वाहा'** करना ।

207. आराम उन शहीदों के प्रति विश्वासघात है, जो स्वतन्त्रता का दीप सदा प्रज्ज्वलित् रखने के लिए हमें दे गए । उस लक्ष्य के प्रति बेवफाई जिसे हम ने प्राप्त करने की प्रतिज्ञा की है, उन के प्रति बेइन्साफी जो एकता हेतु कभी आराम नहीं करते । (पं० जवाहर लाल नेहरू)

208. जिस प्रकार दीपक दूसरी वस्तुओं के साथ अपने स्वरूप को भी प्रकाशित करता है; उसी प्रकार अंतःकरण दूसरी वस्तुओं को भी प्रत्यक्ष करता है और अपने आपको भी ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

209. जब तक अंतःकरण शुद्ध एवं पापरहित नहीं होगा, तब तक वास्तविक दृष्टि से दिव्य-दृष्टि का उदय नहीं होगा ।

210. कोई साथी इतना निकट और कोई वक्ता इतना शक्तिशाली नहीं है, जितना कि अपना ही अंतःकरण ।

211. अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, परन्तु अंधापन विनाश की ओर ।

212. हमें केवल अकर्मण्यता से ही भयभीत होना चाहिए ।

213. अकृतज्ञता इंसानियत के प्रति धोखा है ।

214. विश्व में सर्व-शक्तिशाली मानव वही जो अकेला रहता है ।

215. जो अकेले चलते है, वे शीघ्रता से बढ़ते है । अकेला विचरणा अच्छा है, परन्तु मूर्ख साथी अच्छा नहीं ।

216. अतिथि समाज का एक प्रतिनिधि है, जिसके रूप में समाज हमसे सेवा माँग रहा है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

217. भविष्य को समझने के लिए अतीत का अध्ययन हमारा पथ प्रदर्शित करता है ।

218. अत्याचार करने वाले भूल जाते है, किन्तु जिन पर अत्याचार होता है वे आसानी से नहीं भूल सकते । हाथ से लाठी गिर जाने पर भी वे मन ही मन में द्वेष की भावना रखते हैं ।

219. अन्यायी और अत्याचारी की करतूतें मनुष्यता के नाम खुली चुनौती है, जिसे वीर पुरुषों को स्वीकार करना ही चाहिए ।

220. सारे अत्याचार कूरता एवं दुर्बलताओं से पनपते है ।

221. जब प्रजा सिद्धान्त के लिए विद्रोह करती है, तब राजा अपनी नीति से अत्याचारी हो जाता है ।

222. अत्याचारी से बढ़कर भाग्यहीन कोई नहीं है, क्योंकि आपदा के समय उसका कोई सखा नहीं होता ।

223. स्वयं को न्यायी दर्शाना, जबकि ऐसा न हो, सबसे बड़ा अधर्म है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

224. अपनत्व की अनुभूति ही तो अधिकारों की जननी है ।

225. जितना ही हम अध्ययन करते जाते हैं, उतना ही हमें अपने अज्ञानता का आभास होता जाता है ।

226. आश्चर्य अज्ञानता की सुता, पूजा का आधार, ज्ञान का मूल तथा दर्शन का पहला कारण है ।

227. आत्मा अद्भुत शक्ति का भंडार है जिसकी विवेचना नहीं अपितु अनुभव किया जा सकता है । यही शक्ति 'निश्चय' को कार्य रूप में परिणत करती है तथा यह एक चेतन तत्त्व है ।

228. अध्यापक राष्ट्र की संस्कृति के चतुर माली हैं । जो संस्कारों की जड़ों में खाद देते हैं तथा श्रम से उन्हें सींच-सींच कर महाप्राण शक्तियाँ बनाते हैं ।

229. विद्यालय ही देश के महापुरुषों का निर्माण करने वाला कारखाना है तथा अध्यापक उन्हें बनानेवाला कारीगर ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

230. जो व्यक्ति संसार की पिपासा व तृष्णा से रहित है, उस के लिए कुछ भी कठिन नहीं है ।

231. सज्जन जो कुछ आचरण करते हैं तथा उसी का अनुकरण अन्य लोग करते हैं । वे जिसे प्रमाण बनाते हैं, उसी का साधारण लोग अनुकरण करते हैं ।

232. किसी से अनुग्रह की याचना करना अपनी आज़ादी बेचना है ।

233. व्यथा और वेदना की पाठशाला में जो पाठ सीखे जाते हैं, वे पुस्तकों तथा विश्वविद्यालयों में नहीं मिलते ।

234. बिना अनुभव कोरा शाब्दिक ज्ञान अंधा है ।

235. दूसरों के अनुभव जान लेना भी व्यक्ति के लिए एक अनुभव है ।

236. जीवन की गहराई की अनुभूति के कुछ क्षण ही होते हैं, वर्ष नहीं ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

237. बाहर की अनुभूति जितनी प्रबल होती है, अन्तरात्मा में सत्ताबोध को भी उतना ही बल मिलता है ।

238. अपमान के घूँट पी-पीकर जिसने पेट भरा, उसके मन, वचन और कर्म से सदा आसुरी तत्व ही निकलते रहेंगे ।

239. अभिमान अपने अपमान को नहीं भूलता ।

240. जिसकी हम इच्छा करते हैं, जिसकी सिद्धि हेतु हम सम्पूर्ण अन्त:करण से अभिलाषा करते हैं, उसकी प्राप्ति हमें अवश्य होगी ।

241. समस्त भय और चिन्ता इच्छाओं का फल है ।

242. अभिलाषा तभी फल पैदा कर सकती है, जब वह दृढ़-निश्चय का चोला धारण कर लेती है ।

243. स्वस्थ एवं सुन्दर अभिलाषा सदा चाहती है कि हम मनुष्यत्व का विकास करें, अपने जीवन को सुन्दर एवं ऐश्वर्यशाली बनाएँ तथा अपना अधिकाधिक समय मानवीय गुणों को संगठित करने में ही व्यतीत करें ।

244. अविश्वास से बढ़कर एकाकीपन कोई अन्य नहीं ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

245. असंतोषी से आनन्द दूर रहता है ।

246. असफलता की भावना से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असम्भव है, जितना कि बबूल के वृक्ष से गुलाब के फूल का खिलना ।

247. मानव के कर्म जितने तुच्छ होते हैं, उसका अहंकार उतना ही बड़ा होता है ।

248. अहिंसा का मतलब इतना ही नहीं है कि हम किसी का बुरा चाहे या बुरा करें । बल्कि हर किसी का भला सोचना और भला करने के लिए आगे बढ़ना ही अहिंसा है ।

249. अहिंसा का अर्थ है ईश्वर पर भरोसा रखना ।

250. अहिंसा का मार्ग तलवार की धार पर चलने वाला है, जरा भी गफलत हुई कि नीचे गिरे ।

251. सब प्राणियों के प्रति स्वयं को संयत रखना ही अहिंसा के पूर्ण दर्शन हैं ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

252. आँखें शरीर के दीपक हैं, जिनमें मनुष्य की आत्मा का प्रतिबिम्ब तथा जीवन के अनुभवों का भण्ड़ार भरा होता है ।

253. छलके हुए दूध पर आँसू बहाना व्यर्थ है ।

254. सबसे अच्छी वस्तु पाने की जिसमें आकांक्षा होती है; उसे बहुत सी अच्छी वस्तुएँ छोड़ देनी पड़ती हैं ।

255. जब तक हम स्वयं निरपराध न हों, तब तक दूसरों पर कोई आक्षेप सफलता के साथ नहीं कर सकते ।

256. आचरण एक शीशे के समान है, जिसमें प्रत्येक मानव अपना प्रतिबिम्ब दिखवाता है ।

257. आचरण भावना का प्रकट रूप है ।

258. जिसने ज्ञान को आचरण में उतार लिया उसने ईश्वर को ही मूर्तिमान कर लिया ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

259. समाज में सर्वसाधारण प्रचलित व्यवहार रीति को **आचार** कहते हैं । विचार जब प्रकृति के साथ घुल मिलकर एक हो जाते हैं, तब वे **आचार** बन जाते हैं ।

260. विचार का चिराग बुझ जाने से आचार अंधा हो जाता है ।

261. अत्याचारी के समक्ष नाक रगड़ने से आत्मा का गौरव नष्ट होता है ।

262. विचरो अपने पैरों के बल, भुजबल से भवसिंधु तरो ।
जियो 'स्वकर्म' के लिए जगत् में,
और धर्म के लिए मरो ।।

263. आत्मा एक चेतन तत्त्व है, जो अपने रहने के लिए उपयुक्त देह का आश्रय लेती है । इसकी कोई जाति नहीं होती । यह ब्रह्म की ज्योति स्वरूप है ।

264. जो मनुष्य लोगों के व्यवहार से ऊब कर क्षण-प्रतिक्षण अपने मन बदलते रहते हैं, वे दुर्बल हैं-उनमें आत्मबल नहीं ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri Foundation, Chandigarh. Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

265. आत्मबल की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण तो यही है कि इतने युद्धों के बावजूद भी दुनिया अभी कायम है ।

266. आवेश और क्रोध को वश में कर लेने पर शक्ति बढ़ती है और आवेश को आत्मबल के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है ।

267. आत्म-विश्वास, आत्मज्ञान और आत्म-संयम सिर्फ यही तीन जीवन को बल और सबलता प्रदान कर देते है ।

268. आत्मविश्वासी का भविष्य सर्वथा चिन्तारहित है । आत्म-विश्वास में वह अद्भुत शक्ति है जिससे मनुष्य सभी विपत्तियों का सामना अकेले ही कर सकता है ।

269. आत्म-सम्मान करना सफलता की सीढ़ी पर पग रखना है ।

270. सुख भोग की लालसा आत्म-सम्मान को ठेस पहुँचा देती है ।

271. पाप, अनीति और अत्याचार के सम्मुख सिर झुकाना अपनी आत्मा का अपमान और हनन् करना है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

272. आत्म हीनता ऐसी मृत्यु है जो पल-पल में आती है और तिल-तिल करके आन्तरिक शान्ति को जलाती रहती है ।

273. धन खोकर अगर हम अपनी आत्मा को पा सकें, तो यह कोई महंगा सौदा नहीं है ।

274. व्यवसाय का प्रयोजन जब बहुत अधिक बढ़ जाता है, तब आत्मा की वाणी रुक जाती है ।

275. जिस प्रकार गगन में सूर्य है उसी प्रकार मस्तक में चक्षु है, तथा जिस प्रकार अंतरिक्ष में विद्युत है उसी प्रकार आत्मा में मन ।

276. सम्पूर्ण आश्चर्य अज्ञानता का फल है ।

277. जिस मानव की जितनी कम आवश्यकताएँ होती है उतना ही वह ईश्वर के समीप होता है ।

278. आवश्यकता तर्क के सम्मुख नहीं झुकती है । इसके लिए कोई कानून नहीं है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

279. आवश्यकता अनाचारियों का तर्क है, यह पराधीनों का धर्म है । अतएव यह भीरु को भी वीर बना देती है ।

280. आवश्यकता हमें बाध्य करती है – आनन्दित नहीं ।

281. आवश्यकता प्रायः प्रतिभा को प्रोत्साहित करती है ।

282. आलस्य दरिद्रता का मूल है ।

283. आलसी लोग विध्न के भय से कोई भी काम आरम्भ नहीं करते, मध्य श्रेणी के लोग कार्य आरम्भ करके विध्न पड़ने पर कार्य बीच में ही छोड़ देते है; लेकिन उत्तम लोग बारम्बार विध्न पड़ने पर भी आरम्भ किए हुए कार्य को बीच में नहीं छोड़ते ।

284. सुख या आनन्द कर्म के रूप में रहता है ।

285. आनन्द ही एक ऐसी चीज है जो आपके पास न होने पर भी आप दूसरों को बिना किसी असुविधा के दे सकते है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

286. आलस्य में जीवन बिताना आत्महत्या के समान है । जो कुछ नहीं करता केवल वही आलसी नहीं, आलसी वह भी जो अपने काम से भी अच्छा काम कर सकता है परन्तु करता नहीं है ।

287. ज़िन्दगी एक कसौटी एवं चुनौती है जिसे हमें हर पल स्वस्थ दृष्टिकोण से स्वीकार करना चाहिए । क्योंकि आर्तक्रन्दन से न कभी गगन झुका है, न कभी धरती पसीजी है ।

288. आदर्श की धुन में व्यावहारिकता का विचार करना कोरा आदर्शवाद है ।

289. अपने आदर्श तक पहुँचने के लिए आस्था एवं श्रद्धा हमारे दो हाथ हैं ।

290. हमारे आदर्श ऊँचे और उनका चरितार्थ होना इतना ही निश्चित है जितना कल का सूर्योदय । ऊँचे आदर्श की ओर रेंगकर नहीं जाया जा सकता । उसके लिए अपनी बलि देकर उड़ान लेनी पड़ती है ।

291. सेवा हृदय और आत्मा को पवित्र करती है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

292. सेवा से सौभाग्य प्राप्त होता है तथा परमानंद का द्वार खुलता है ।

293. कड़वे और तीखे शब्द कमजोरी की निशानी है ।

294. जो मनुष्य यह समझता है कि हर बात उसकी समझ में तुरन्त आ जाती है वह कुछ भी नहीं सीख सकता ।

295. दूसरों का निरादर करना अपने भाग्य के द्वार बंद करने हैं ।

296. मोह और स्वार्थ अज्ञानता के पात्र हैं, अतः अज्ञानी मनुष्य ही दुष्ट और कायर होते हैं ।

297. कभी-कभी उन लोगों से भी शिक्षा मिलती है जिन्हें हम अभिमान वश अज्ञानी कहते हैं ।

298. अपनी सफलताओं के लिए प्रभु को धन्यवाद देना स्वस्थ मानसिकता है ।

299. हार का मतलब अंत नहीं है ।' हारा हुआ इन्सान यदि हार का मुकाबला करे तो उसकी जीत संभव है।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

300. जहां ईश्वर की चर्चा होती है; वहीं आनन्द है ।

301. सद्‌गुरु ही ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग बतलाते हैं ।

302. महान पुरुष की पहली पहचान उसकी नम्रता है ।

303. श्रेष्ठ घोड़े के लिए कोड़े की छाया ही काफी है; कोडा तो खच्चरों के लिए होता है ।

304. बुद्धिमान व्यक्ति बोलने से पहले सोचता है । मूर्ख बोल लेता है और तब सोचता है कि वह क्या कह गया ।

305. संसार में आज तक अच्छा युद्ध और बुरी शांति कभी नहीं हुई ।

306. किसी के दुर्वचन कहने पर क्रोध न करना क्षमा कहलाता है ।

307. विशुद्ध हृदय वाले सज्जनों की बुद्धि कभी मंद नहीं होती है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

308. परमेश्वर की दृष्टि में सदाचारी मनुष्य अत्यंत सम्मानीय समझे जाते हैं ।

309. प्रभु के आदेश अनुसार जीवन जीना सच्ची साधना है; न कि मंत्र जपना या कर्म-काण्ड के बाहिरी आडम्बरों में समय गवाँना ।

310. अज्ञानी होना शर्म की बात नहीं, परन्तु किसी भी कार्य को उचित ढंग से सीखने के लिए तैयार न होना शर्म की बात है ।

311. यदि विश्वास वृक्ष का बीज है; दृढ़ इच्छा से इसका अंकुर फूटता है, निष्ठा और विवेक इसे सींचने का कार्य करती है तथा रोपने का कार्य करता है—**विचार** ।

312. वस्तु ज्ञान से आवश्यक है—व्यक्तिज्ञान, क्योंकि वस्तु जड़ है और व्यक्ति चेतन ।

313. उचित जिज्ञासा करते हुए उसका श्रद्धापूर्वक सही समाधान खोजने की चेष्टा ही **उपासना** है । यही पूर्णता का आध ार है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

314. आदर्शवादी विचारों को अपने मन में, अपने अंतरंग में स्थापित करना, मनुष्य के जीवन की महानत्तम सेवा है; तथा मानव जीवन की सफलता का भी यही आधार है ।

315. अच्छी पुस्तकें जीवंत देव प्रतिमाएँ हैं । उनकी आराधना से तत्काल प्रकाश और उल्लास मिलता है ।

316. सफल जीवन की दिशा हम किसी को उसका उपहास उड़ाने या उस पर व्यंग्य कसने से नहीं दिखा सकते, उचित है कि हम उसे सोचने, समझने और बदलने का अवसर प्रदान करें ।

317. परमेश्वर का प्यार सदाचारी और कर्त्तव्य परायणों के लिए सुरक्षित है ।

318. बड़प्पन अमीरी में नहीं अपितु ईमानदारी और सज्जनता में सन्निहित है ।

319. मानवी प्रगति के मार्ग में अत्यन्त छोटी किन्तु अत्यन्त भयानक बाधा 'अनियमितता' की आदत है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

320. बुरी आदतों का सुधार ही सबसे बड़ा पराक्रम है, जो निजी पुरुषार्थ पर निर्भर है; तथा ऐसे लोग ही सच्चे अर्थों में शूरवीर हैं ।

321. मानव का चिन्तन एवं मनोबल कल्पवृक्ष के समान है । जिसका सदुपयोग हम सद्विचारों के लिए कर सकते हैं । वास्तव में विचार ही आंतरिक बल और पुरुषार्थ है । विचार को जिस किसी भी लक्ष्य पर नियोजित किया जाए, उसी के अनुरूप प्रगति एवं सफलता मिलती है ।

322. विचार सूक्ष्म स्तर का कर्म एवं कार्य का मूल रूप है ।

323. अच्छा श्रोता अपनी मदद करता है, जबकि अच्छा बोलने वाला दूसरों की ।

324. आत्मविश्वास आत्मा की पुकार है । यह अद्भुत, अदृश्य और अनुपम शक्ति है । इसके ही बल पर हम लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं तथा यही हमारा सच्चा मित्र एवं पथ प्रदर्शक है ।

325. ईश्वर को सर्वव्यापी न्यायकारी मानकर उसके अनुशासन को अपने जीवन में उतारना युग-निर्माण का आधार है ।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

326. शरीर को भगवान का मन्दिर समझकर आत्मसंयम और नियमितता द्वारा आरोग्य की रक्षा हो सकती है ।

327. मन को कुविचारों और दुर्भावनाओं से बचाए रखने के लिए स्वाध्याय एवं सत्संग ही एक मार्ग है ।

328. इंद्रिय संयम, अर्थ संयम, समय संयम और विचार संयम का निरन्तर अभ्यास करने वाले महान लक्ष्य प्राप्त करते हैं ।

